*Total No. of Printed Pages : 11*

Subject Code : 05

5653541

**1040**

**2026**

# HINDI

## (Modern Indian Language)

*Full Marks : 100*
*Pass Marks : 30*

*Time : 3 hours*

***The figures in the margin indicate full marks for the questions.***

परीक्षार्थी खण्ड-क और खण्ड-ख

अथवा

खण्ड-क और खण्ड-ग के उत्तर एक ही खाते में दें।



8

## GROUP – A

## (खण्ड – क)

**(पूर्णांक : 75)**

1. पूर्ण वाक्य में उत्तर दो : **1 × 2 = 2**

(क) "टोपी पहिरे माला पहिरे, छाप तिलक अनुमाना ।"

– यहाँ 'टोपी', 'माला', 'छाप' और 'तिलक' बाह्याडम्बर के प्रतीक हैं या ज्ञान के ?

(ख) पीर और औलिया क्या पढ़ते हैं ?

2. निम्नलिखित प्रश्नों के अति संक्षिप्त उत्तर दो : **2 × 7 = 14**

(क) "मोको कहाँ ढूँढ़ै बन्दे" – यहाँ 'मोको' और 'बन्दे' पद किस-किस के लिए प्रयुक्त हुए हैं ?

(ख) ग्राम-वधू ने रानी को महा अज्ञानी किसलिए कहा था ?

(ग) ग्राम-वधुओं ने सीता जी से क्या पूछा था ?

(घ) "तुम्हारी यह दंतुरित मुसकान

मृतक में भी डाल देगी जान"

– इन काव्य-पंक्तियों का आशय क्या है ?

(ङ) नया अफसर कैसे रहता है ? वह कैसे आता है और कैसे चला जाता है ?

(च) चाँदनी रात में नाव में बैठा अफसर किसका किस्सा छेड़ सकता है ?

(छ) पं. अलोपीदीन ने वंशीधर को अपनी सारी जायदाद का स्थायी मैनेजर क्यों बनाया था ?

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर संक्षिप्त रूप में दो : 3 × 7 = 21

(क) प्रकृति को नया रूप प्रदान करने में चाँद और सूरज की क्या-क्या भूमिकाएँ हैं – 'किरणों का खेल' शीर्षक कविता के आधार पर स्पष्ट करो ।

(ख) "चिर प्रवासी मैं इतर, मैं अन्य" – कवि अपने-आपको 'चिर प्रवासी' और 'अन्य' क्यों कह रहे हैं ?

(ग) 'आत्म-निर्भरता' नामक पाठ के लेखक ने महाराणा प्रताप सिंह के उदाहरण के माध्यम से क्या समझाना चाहा है ?

(घ) कैसे व्यक्ति को उद्यमी कहा जाता है ? 'आओ, उद्यमी बनें' शीर्षक पाठ के आधार पर उत्तर दो ।

(ङ) अफसर के तबादले के समय विदाई भाषण देने वालों के सामने धर्म-संकट क्यों रहता है ?

(च) कक्षाध्यापकों के द्वारा वन-भ्रमण पर जाने की घोषणा किये जाने पर विद्यार्थियों में क्या-क्या प्रतिक्रियाएँ हुईं ?

(छ) तीर्थ-यात्रा पर जाने से पहले की रात लाजवंती के घर में क्या-क्या कार्यक्रम हो रहे थे ?

निम्नलिखित प्रश्नों के सम्यक् उत्तर दो : 4 × 2 = 8

(क) नीहारिका को कैसे कम्प्यूटर के दुष्प्रभावों का अनुभव हुआ ?

**अथवा**

यमुना-तट पर मुंशी वंशीधर और पं. अलोपीदीन के बीच हुई बातचीत को संक्षेप में प्रस्तुत करो ।

(ख) "पत्थर तोड़ने वाली मजदूरिन का नितान्त यथार्थ चित्रण कवि ने किया है ।" – पठित कविता के आधार पर कथन की पुष्टि करो ।

**अथवा**

"क्या ही स्वच्छ चाँदनी है यह
है क्या ही निस्तब्ध निशा
है स्वच्छन्द-सुमंद गंधवह,
निरानन्द है कौन दिशा ?"

– इन काव्य-पंक्तियों का आशय स्पष्ट करो ।

## (व्याकरण और रचना)

5. निम्नलिखित में से **किन्हीं दो** शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखो : **1 × 2 = 2**

आँख ; कपड़ा ; नदी ; बिजली

6. निम्नलिखित में से **किन्हीं दो** शब्दों के विलोमार्थक शब्द लिखो : **1 × 2 = 2**

प्रकाश ; उत्थान ; गमन ; निरर्थक

7. निम्नलिखित में से **किन्हीं दो** शब्द-जोड़ों के अर्थ का अन्तर स्पष्ट करो : **1 × 2 = 2**

कुल-कूल ; उपयुक्त-उपर्युक्त ; क्षति-क्षिति ; अपकार-उपकार

8. निम्नलिखित में से **किन्हीं दो** शब्द-समूहों के लिए एक-एक शब्द लिखो : **1 × 2 = 2**

जिसका शत्रु पैदा ही न हुआ हो; थोड़ा जानने वाला; स्वयं सेवा स्वीकार करने वाला; जो ईश्वर को न मानता हो

9. निम्नलिखित में से **किन्हीं दो** शब्द–समूहों का समास साधित करके समास का नाम लिखो : $1 \times 2 = 2$

चार राहों का समूह; दश हैं आनन जिसके; नर और नारी; शक्ति के अनुसार

10. निम्नलिखित में से **किन्हीं दो** मुहावरों का वाक्यों में प्रयोग करो : $1 \times 2 = 2$

दाँत खट्टे करना ; नौ दो ग्यारह होना ; घोड़े बेचकर सोना ; गागर में सागर भरना

11. निम्नलिखित में से किसी **एक** वाक्य को मिश्र वाक्य में परिवर्तित करो : 1

(क) तुम बस रुकने के स्थान पर चले जाओ ।

(ख) मैं फल खरीदने के लिए बाज़ार गया ।

12. निम्नलिखित में से **किन्हीं दो** वाक्यों को शुद्ध करके लिखो : $1 \times 2 = 2$

(क) मुझे पचास रुपये चाहिएँ ।

(ख) लड़के छत में खेल रहे हैं ।

(ग) उसने तेरेको पुस्तक दी थी ।

(घ) बच्चे को प्लेट में रखकर खाना खिलाओ ।

**(पत्र–लेखन)**

13. मोबाइल फोन के सदुपयोग की आवश्यकता पर बल देते हुए अपने मित्र/अपनी सहेली को एक पत्र लिखो । 5

**अथवा**

अपने विद्यालय के पुस्तकालय में कुछ आवश्यक पुस्तकें उपलब्ध कराने हेतु प्रार्थना (पुस्तकों की सूची सहित) करते हुए प्रधानाध्यापक को एक पत्र लिखो ।

(परिपूरक पाठ)

14. (क) पाठ्यक्रम के द्रुतपाठ (वैचित्र्यमय असम) में सन्निविष्ट किन्हीं दो जनगोष्ठियों का संक्षिप्त परिचय दो। $3 \times 2 = 6$

(ख) पाठ्यक्रम के द्रुतपाठ (वैचित्र्यमय असम) में सन्निविष्ट किन्हीं दो जनगोष्ठियों के विशेष रूप से अपनी-अपनी जनगोष्ठियों को योगदान देने वाले (एक-एक व्यक्ति) दो व्यक्तियों पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखो। $2 \times 2 = 4$

## GROUP – B

### (खण्ड – ख)

(पूर्णांक : 25)

15. निम्नलिखित प्रश्नों के सटीक उत्तर दो :

(क) "कुछ काँटों से सज्जित जीवन,
प्रखर प्यार से वंचित यौवन,
नीरवता से मुखरित मधुवन,
परहित अर्पित अपना तन-मन,
जीवन को शत-शत आहुति में,
जलना होगा, गलना होगा।
कदम मिलाकर चलना होगा।"

– इन काव्य-पंक्तियों में निहित भाव को स्पष्ट करो। 4

(ख) शंकरदेव ने 'राम' नाम बोलने के लिए क्यों कहा है ? 3

(ग) साम्प्रदायिक दृष्टिकोण का जोरदार खण्डन करते हुए अमीर खुसरू ने क्या-क्या कहा है ? पाठ के आधार पर उत्तर दो। 5

(घ) रेल-दुर्घटना के बाद अरुणिमा सिन्हा के संबंध में किस तरह की अफवाहें फैली थीं ? 4

16. निम्नलिखित विषयों में से **किसी एक** पर अनुच्छेद लिखो : **5**

(क) अपना प्रिय गायक

(ख) एकता में बल है

(ग) अधजल गगरी छलकत जाय

(घ) सम्पर्क भाषा के रूप में हिन्दी

5653541

17. निम्नलिखित में से **किन्हीं दो** अलंकारों का सोदाहरण परिचय प्रस्तुत करो : **2 × 2 = 4**

(क) अतिशयोक्ति

(ख) दृष्टान्त

(ग) उत्प्रेक्षा

(घ) विरोधाभास

## GROUP – C

## (खण्ड – ग)

**(पूर्णांक : 25)**

1. Translate **any one** of the following into your mother language : **1 × 4 = 4**

निम्नलिखित में से **किसी एक** का अपनी मातृभाषा में अनुवाद करो :

(a) वृक्षात् आम्रं पतति । बालकः विद्यालयात् आगच्छति । मुनिवरः नद्याः आगच्छति । वानरः शाखायाः पतति ।

(b) विंशतयः बालिकाः क्रीडन्ति । चत्वारिंशत् धेनवः सन्ति । विद्यालये छात्राः पठन्ति । ग्रन्थागारे सहस्रं पुस्तकानि सन्ति ।

(c) अस्माकं विद्यालये अखिल – भारतीय – विद्यार्थी – सम्मेलनं भविष्यति । तत्र मनोरञ्जन – कार्यक्रमान् कर्तुम् अवसरः अस्ति ।

2. Answer **any one** of the following : 1 × 2 =

निम्नलिखित में से **किसी एक** का उत्तर दो :

(a) How many Ratnas are there in the world ? What are they ?

पृथ्वी में कितने रत्न हैं ? वे सब क्या-क्या हैं ?

(b) "मार्जाराद्बिभेषि, त्वमेव मार्जारो भव ।"–

Who is the speaker here and to whom was it said ? Why did the speaker say so ?

किसने, किससे और क्यों ऐसा कहा था ?

3. Fill in the blanks in the following verse with appropriate words : 1 × 3 =

उपयुक्त शब्दों से निम्नलिखित श्लोक के रिक्त स्थानों की पूर्ति करो :

वृश्चिकस्य विषं पुच्छं ____________ विषं शिरः ।

____________ विषं दन्तं सर्वांगं ____________ च ।।

**OR/अथवा**

रविसन्निधिमात्रेण ____________ प्रकाशयेत् ।

____________ शिष्यज्ञानं ____________ ।।

4. Answer the following questions in Sanskrit : 1 × 3 = 3

निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर संस्कृत में लिखो :

(a) सत्येन किं जयति ?

(b) मार्जारः कं दृष्ट्वा पलायितवान् ?

(c) मुनिः कुक्कुरं किं कृतवान् ?

(d) विद्यालये किं सम्मेलनं भविष्यति ?

**OR/अथवा**

Write the Sanskrit Synonyms of **any three** of the following words :

निम्नलिखित शब्दों में से **किन्हीं तीन** के संस्कृत समानार्थी शब्द लिखो :

मातुलः, छात्रः, महत्वम्, अनन्तरम्

5. Match the following words of **Group-A** with the words of **Group-B** : 1 × 3 = 3

निम्नलिखित **अंश-'क'** के शब्दों को **अंश-'ख'** से मिलाओ :

| **Group-A/अंश-'क'** | **Group-B/अंश-'ख'** |
|---|---|
| त्रिंशत्तमम् | शाखा |
| चतस्रः | फलानि |
| त्रीणि | स्थानम् |

6. (a) Derive **any two** of the following words : $1\frac{1}{2} \times 2 = 3$

निम्नलिखित में से **किन्हीं दो** शब्दों की व्युत्पत्ति लिखो :

(i) 'आगच्छति' in Q. No. 1 (a)

प्रश्न नं. 1 (a) में 'आगच्छति'

(ii) 'क्रीडन्ति' in Q. No. 1 (b)

प्रश्न नं. 1 (b) में 'क्रीडन्ति'

(iii) 'भविष्यति' in Q. No. 1 (c)

प्रश्न नं. 1 (c) में 'भविष्यति'

(iv) 'पतति' in Q. No. 1 (a)

प्रश्न नं. 1 (a) में 'पतति'

(b) Decline **any two** of the following : $1 \times 2 = 2$

निम्नलिखित में से **किन्हीं दो** के शब्द-रूप लिखो :

(i) 'युष्मद्' in 3rd case-ending dual

तृतीया विभक्ति के द्विवचन में 'युष्मद्'

(ii) 'राजन्' in 7th case-ending plural

सप्तमी विभक्ति के बहुवचन में 'राजन्'

(iii) 'गो' in 4th case-ending Singular

चतुर्थी विभक्ति के एकवचन में 'गो'

(iv) 'सखि' in 2nd case-ending dual

द्वितीया विभक्ति के द्विवचन में 'सखि'



(c) Conjugate **any two**

निम्नलिखित में से **किन्हीं**

(i) √अद् + विधिलि

(ii) √दा + लोट् हि

(iii) √नृत् + लङ् द्

(iv) √हन् + लृट् स

(d) Change **any thre**

निम्नलिखित में से कि

सूर्यः, नीतिः, शिवः,

(c) Conjugate **any two** of the following : $1 \times 2 = 2$

निम्नलिखित में से किन्हीं दो के धातु–रूप लिखो :

(i) √अद् + विधिलिङ् स्यात्

(ii) √दा + लोट् हि

(iii) √नृत् + लङ् द्

(iv) √हन् + लृट् स्यति

(d) Change **any three** from noun to adjective from the following : $1 \times 3 = 3$

निम्नलिखित में से किन्हीं तीन संज्ञा–शब्दों से विशेषण–शब्द बनाओ :

सूर्यः, नीतिः, शिवः, ऋषिः

---